कार्यालय, आयुक्त तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल-462004

☎ (+91) -7552576751 ✉ ctemp.bpl@mp.gov.in | dte2.rajpatrit@mp.gov.in

क्रमांकः- प्रशा/2/राज./ए-बी /2023/307. भोपाल, दिनांक 15 /03/ 2023

महत्वपूर्ण सूचना

अतिथि व्याख्याता के संबंध में - 2023

प्रदेश स्थित शासकीय/स्वशासी इंजीनियरिंग एवं पोलीटेक्निक महाविद्यालय में पोर्टल के माध्यम से स्वीकृत पदों के विरूद्ध रिक्त पदों पर अतिथि व्याख्याता नियुक्त करने हेतु चयन सूची संस्था एवं संकायवार दिनांक 23.02.2023 को जारी की गयी है।

पात्र अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति हेतु आमंत्रण उपरांत संस्था में कार्य पर उपस्थिति के संबंध में संचालनालय द्वारा निर्देश जारी किये गये है। निर्देशों में यह स्पष्ट उल्लेख है कि आमंत्रण उपरांत कार्य पर संस्था में उपस्थित होने वाले अतिथि व्याख्याताओं की पोर्टल पर प्रविष्टि अनिवार्य रूप से की जानी है।

अतः सभी संस्थाओं को पुनः निर्देशित किया जाता है कि आपकी संस्था में कार्य पर उपस्थित होने वाले अतिथि व्याख्याता की प्रविष्टि पोर्टल पर संस्था के लॉगिन में उपलब्ध मॉड्युल के माध्यम से दिनांक 17.03.2023 तक की जाना सुनिश्चित करें, ताकि रिक्तियों की गणना की जा कर आवंटन के द्वितीय चरण के संबंध में निर्णय लिया जाकर शीघ्र कार्यवाही की जा सकें।

आयुक्त द्वारा अनुमोदित।

संयुक्त संचालक
संचालनालय तकनीकी शिक्षा,
मध्यप्रदेश